दिनांक–17.02.2026 को विशेष सचिव, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग की अध्यक्षता में क्षेत्रीय पदाधिकारियों के साथ हुई विभागीय कार्यों के प्रगति की साप्ताहिक समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाहीः–

---

1. विद्युत विपत्रों के भुगतान की स्थितिः–

❖ समीक्षा के क्रम में अपर सचिव द्वारा बताया गया कि विगत दो माह से यह निदेशित किया जा रहा है कि कार्यपालक अभियंता द्वारा प्रेषित वैसे अधियाचनाओं के विरूद्ध प्राथमिकता के आधार पर राशि आवंटित किया जाय जहॉ बकाये विद्युत विपत्र की राशि अधिक है। परंतु गुणवत्ता प्रभावित क्षेत्रों के प्रमंडलों में आवंटित राशि में से कितनी राशि विद्युत विपत्रों के बकाये राशि के भुगतान हेतु आवंटित की गई है, की प्रमंडलवार अद्यतन विवरणी मुख्य अभियंता, दक्षिण बिहार से अप्राप्त है। फलतः गुणवत्ता प्रभावित प्रमंडलों के बकाया विद्युत भुगतान की सम्यक समीक्षा नहीं हो पा रही है। ऐसा देखा जा रहा है कि मधेपुरा, सुपौल, अररिया, फारबिसगंज, किशनगंज, कटिहार, धमदाहा, सहरसा एवं भागलपुर पूर्व को क्रमशः 5.37, 8.35, 3.29, 5.70, 9.43, 9.75, 2.40, 2.90 एवं 2.58 करोड़ की राशि विमुक्त की गयी है, लेकिन अभी भी दिनांक–01.09.2025 के आधार पर संयुक्त सत्यापनोंपरांत विद्युत मद में क्रमशः 1.20, 0.26, 0.92, 1.06, 0.09, 0.92, 0.39, 2.34 एवं 2.49 करोड़ राशि भुगतान हेतु लंबित है। संबंधित प्रशाखा द्वारा अगर अधियाचना में यह विवरणी प्राप्त कर ली जाती है कि अधियाचित राशि में कितनी राशि बकाया विद्युत विपत्र की है, तो समीक्षा में स्थिति स्पष्ट होती। विशेष सचिव द्वारा स्पष्ट रूप से निदेशित किया गया है कि मुख्य अभियंता, दक्षिण बिहार अविलंब एवं नियमित रूप से अधियाचित प्रतिवेदन अपर सचिव को उपलब्ध करायेंगे।

**अनुपालनः– मुख्य अभियंता, दक्षिण बिहार।**

❖ समीक्षा के क्रम में अपर सचिव द्वारा ध्यानाकृष्ट कराया गया कि MIS पर कतिपय प्रमंडलों के विद्युत मीटर मैपिंग की प्रविष्टि योजनाओं की संख्याओं के अनुसार संतोषजनक नहीं है। निदेशित किया गया कि सभी प्रमंडलों के कार्यपालक अभियंताओं द्वारा बैठक में बताए गए समय पर अर्थात अगले तीन दिनों के भीतर विद्युत मीटर मैपिंग की त्रुटिरहित प्रविष्टि MIS पर कराना सुनिश्चित करेंगे, अन्यथा संबंधित पदाधिकारियों के विरूद्ध कठोर कार्रवाई करने का निदेश दिया गया।

**अनुपालनः– सभी संबंधित कार्यपालक अभियंता।**

❖ समीक्षा के क्रम में पाया गया कि सभी प्रमंडलों के कतिपय जलापूर्ति योजनाओं में विद्युत खपत शून्य यूनिट है। इससे प्रतीत होता है कि योजना क्रियाशील नहीं है। इस संबंध में सभी अधीक्षण अभियंताओं को निदेशित किया गया कि अपने कार्यक्षेत्र के कनीय एवं सहायक अभियंताओं के माध्यम से शून्य विद्युत खपत वाले योजनाओं की क्रियाशीलता की जाँच करायेंगे। यदि जाँच में योजनाओं की क्रियाशीलता शून्य अथवा कम पायी जाती है तो नियमानुसार कार्रवाई करते हुए संबंधित संवेदकों/एजेंसियों के विरूद्ध दंड अधिरोपित कर प्रतिवेदन अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव (मुख्यालय) को उपलब्ध

कराना सुनिश्चित करेंगे एवं अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव (मुख्यालय) नियमानुसार अग्रेतर कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे।

**अनुपालनः– सभी अधीक्षण अभियंता / सभी कार्यपालक अभियंता / सभी सहायक अभियंता / सभी कनीय अभियंता।**

## 2. MIS Mapping/Entry (Store/Material/Contractor/Supervisor/Repair Team/Electric Meter/Electricity Bill/IOT etc.):-

- सभी प्रमंडलों को निदेशित किया गया कि अगले तीन दिनों के अंदर स्टोर / भंडार / संवदेक / मरम्मति दल की मैपिंग MIS पर अपलोड करेंगे। यदि जिन प्रमंडलों की मैपिंग का कार्य अपूर्ण एवं असंतोषजनक पाया जाता है तो संबंधित कार्यपालक अभियंताओं का वेतन अगले आदेश तक स्थगित किये जाने का निदेश दिया गया।

  **अनुपालनः– सभी कार्यपालक अभियंता।**

- सभी प्रमंडलों के कार्यपालक अभियंताओं को निदेशित किया गया कि जिन प्रमंडलों में योजना पाँच करोड़ या उससे अधिक की है, वह अपना स्टोर प्रखंडवार स्थापित करेंगे एवं जिन प्रमंडलों की योजना पाँच करोड़ से कम है, वह अपनी योजनाओं के नजदीक स्टोर स्थापित करेंगे।

  **अनुपालनः– सभी कार्यपालक अभियंता।**

- समीक्षा के क्रम में पाया गया कि लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, बिहार शरीफ में PHED वार्डों में मरम्मति दलों का मैपिंग 357 लंबित पाया गया। संबंधित कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि संबंधित एजेंसी / संवेदक का O&M Period समाप्त होने के कारण उक्त मैपिंग का कार्य लंबित है। संबंधित अधीक्षण अभियंता को इस संबंध में जाँच करते हुए प्रतिवेदन मुख्यालय को उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया।

  **अनुपालनः– सभी अधीक्षण अभियंता / सभी कार्यपालक अभियंता।**

- समीक्षा के क्रम में पाया गया कि लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, जमुई में PRD वार्डों में मरम्मति दलों की मैपिंग 27 लंबित पाया गया। इस संबंध में संबंधित कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि निविदा प्रक्रियाधीन होने के कारण मैपिंग का कार्य नहीं किया गया। संबंधित कार्यपालक अभियंता को निदेश दिया गया कि निविदा प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत तत्काल मैपिंग कर MIS पर अपलोड करना सुनिश्चित करेंगे।

  **अनुपालनः– संबंधित कार्यपालक अभियंता।**

- लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, मुंगेर में PHED एवं PRD वार्डों में मरम्मति दलों की मैपिंग क्रमशः 472 एवं 396 लंबित पाया गया। इस पर खेद व्यक्त करते हुए संबंधित कार्यपालक अभियंता से प्रशाखा–05 / 11 से स्पष्टीकरण करने का निदेश दिया गया।

  **अनुपालनः–अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव(मु0) के प्रावैधिक सचिव।**

- लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, छपरा में PHED/PRD वार्डों में मरम्मति दलों की मैपिंग 160 एवं 296 लंबित पाया गया। संबंधित कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि संबंधित संवेदक को Rescind कर दिया गया है। संबंधित कार्यपालक अभियंता को निदेशित किया गया कि

नियमानुसार उक्त संवदेक को Blacklist करने की कार्रवाई करते हुए पुनः निविदा की प्रक्रिया शीघ्र निष्पादित कराना सुनिश्चित करेंगे।

**अनुपालनः— संबंधित कार्यपालक अभियंता।**

## 3. CGRC (Pump Operator payment & other) PHED/PRD:-

❖ समीक्षा के क्रम में पाया गया कि कतिपय प्रमंडलों द्वारा पम्प चालक मानदेय भुगतान के संबंध में 169 शिकायतें प्राप्त हुई है। उक्त के संबंध में सभी प्रमंडलों को निदेशित किया गया कि पम्प चालक मानदेय भुगतान जिन संवेदकों के माध्यम से किया जाना है यदि भुगतान नहीं किया जाता है तो उन संवेदकों के प्रति एकरारनामा के नियमानुसार कार्रवाई करते हुए भुगतान कराना सुनिश्चित करेंगे।

**अनुपालनः— संबधित कार्यपालक अभियंता।**

❖ CGRC की समीक्षा के क्रम में दरभंगा प्रमंडल में सबसे ज्यादा 16—30 दिन एवं 30 दिनों से उपर 56 एवं 31 शिकायते लंबित पाया गया। उक्त के संबंध में संबंधित कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि पाईपलाइन बिछाने की आवश्यकता है। जिसके लिए संवेदकों द्वारा पाईप मंगाया जा रहा है जो दो दिनों में आ जाने के उपरांत काम को प्रारंभ किया जाएगा। संबंधित कार्यपालक अभियंता को निदेशित किया गया कि प्रत्येक दिन संवेदक के कार्यों एवं उनके द्वारा टीम बढ़ाया जा रहा है या नहीं इसका अनुश्रवण करेंगे।

**अनुपालनः— संबंधित कार्यपालक अभियंता।**

❖ लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, सासाराम में 16—30 दिन एवं 30 दिनों से उपर 29 एवं 28 शिकायते लंबित पाया गया। संबंधित कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि कुछ जगहों पर कार्य करने में समय लग जा रहा है। उक्त के संबंध में कार्यपालक अभियंता को निदेशित किया गया कि निष्पादन की प्रक्रिया में तेजी लाएंगे एवं 24 घंटे के अंदर शिकायतों का निष्पादन कराना सुनिश्चित करेंगे।

**अनुपालनः— संबंधित कार्यपालक अभियंता।**

❖ लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, भागलपुर पूर्व में 16—30 दिन एवं 30 दिनों से उपर 17 एवं 23 शिकायते लंबित पाया गया। जिसके संबंध में संबंधित कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि 23 लंबित शिकायतों में 14 मामले में पम्प चालक मानदेय भुगतान लंबित रहने के कारण योजना बंद है। संबंधित कार्यपालक अभियंता को निदेशित किया गया कि पम्प चालकों के मानदेय भुगतान कराना सुनिश्चित करेंगे।

**अनुपालनः— संबंधित कार्यपालक अभियंता।**

## 4. Left out tola PHED/PRD Land Availability:-

❖ लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, लखीसराय द्वारा 183 योजनाओं में भूमि अनुपलब्धता के संबंध में बताया गया कि सरकारी भूमि नहीं होने के कारण 32 जगहों पर स्थानीय स्तर से भूमि उपलब्ध किया गया है। इस संबंध में निदेश दिया गया कि शेष स्थलों पर संबंधित अपर समाहर्ता पदाधिकारी/अंचलाधिकारी से संपर्क कर एवं स्थानीय स्तर से भूमि उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

**अनुपालनः— संबधित कार्यपालक अभियंता।**

❖ समीक्षा के क्रम में कार्यपालक अभियंता, अररिया द्वारा बताया गया कि PHED के Left Out Tola से 31 स्थलों पर भूमि उपलब्ध करा दिया गया है, परंतु एजेंसी का मामला माननीय न्यायालय में जाने के कारण कार्य प्रारंभ नहीं हो सका है।

❖ सभी प्रमंडलों को निदेशित किया गया कि भूमि उपलब्धता/अनुपलब्धता के संबंध में कतिपय प्रमंडलों की समीक्षा की गई, जिसमें भूमि अनुपलब्ध होने की स्थिति में निदेश दिया गया कि विशेष कार्य पदाधिकारी, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग द्वारा संबंधित अपर समाहर्ता पदाधिकारी/अंचलाधिकारी से संपर्क कर यथाशीघ्र उक्त कार्य हेतु भूमि उपलब्ध करवाने की दिशा में कार्य करेंगी।

**अनुपालनः– विशेष कार्य पदाधिकारी/ सभी कार्यपालक अभियंता।**

## 5. PRD O&M Component Wise Expenditure Report:-

❖ समीक्षा के क्रम में अपर सचिव द्वारा ध्यानाकृष्ट कराया गया कि विहित प्रपत्र में Assets Wise Expenditure प्रतिवेदन मुख्यालय को उपलब्ध कराने का निदेश था, परन्तु इस संबंध में प्रमंडल– लखीसराय, बांका, बाराहाट एवं मोतिपुर को छोड़कर शेष सभी प्रमंडलों को जहाँ PRD O&M के अंतर्गत कार्य कराया गया है। उसका प्रतिवेदन तीन दिनों के भीतर मुख्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

**अनुपालनः– सभी संबंधित कार्यपालक अभियंता।**

## 6. Tender Status PHED/PRD:-

❖ समीक्षा के क्रम में क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, पूर्णियाँ के लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, धमदाहा में एक ग्रुप जो तकनीकी बीड मे लंबित के बारे में पृच्छा की गई। उनके द्वारा बताया गया कि परिवाद हेतु संबंधित बीड लंबित है। इस संबंध में क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, पूर्णियाँ को निदेश दिया गया कि उक्त बीड का निष्पादन कर मुख्यालय को प्रतिवेदन उपलब्ध करायेंगे। साथ ही लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, पूर्णियाँ एवं फारबिसगंज के लंबित तकनीकी/वित्तीय बीड की समीक्षा कर शीघ्र निष्पादन करने हेतु अग्रेत्तर कार्रवाई करने हेतु को निदेशित किया गया।

**अनुपालनः– संबंधित क्षेत्रीय मुख्य अभियंता/संबधित कार्यपालक अभियंता।**

❖ समीक्षा के क्रम में आरा में लंबित तकनीकी बीड के संबंध में निदेश दिया गया कि संबंधित उक्त बीड का निष्पादन अविलंब करते हुए मुख्यालय को प्रतिवेदन उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

**अनुपालनः– संबंधित अधीक्षण अभियंता/संबंधित कार्यपालक अभियंता।**

❖ लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, बक्सर के द्वारा बताया गया कि एक तकनीकी बीड का मुल्यांकण हेतु डाक्युमेंट वेरिफिकेशन किया जा रहा है। उनके द्वारा बताया गया कि एक ग्रुप पुनः निविदा की प्रक्रिया में है।

❖ लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, बेतिया के द्वारा बताया गया कि लंबित दो अद्द ग्रुपों के तकनीकी बीड का मुल्यांकण हेतु Document Verification किया जा रहा है। संबंधित

कार्यपालक अभियंता को निदेशित किया गया कि मुल्यांकण कर निविदा की प्रक्रिया को दो दिनों में पूर्ण कराना सुनिश्चित करेंगे।

**अनुपालनः— संबधित कार्यपालक अभियंता।**

❖ लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, मोतिहारी के द्वारा बताया गया कि एक अद्द लंबित तकनीकी बीड क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, मुजफ्फरपुर स्तर से प्रक्रिया पूर्ण कर ली गयी है। इसे यथाशीघ्र निस्तारित करने हेतु निदेशित किया गया।

**अनुपालनः— संबधित कार्यपालक अभियंता।**

❖ लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, मुंगेर में लंबित एक अद्द बीड कार्यपालक अभियंता स्तर पर लंबित था। जिसके संबंध में बताया गया कि में क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, भागलपुर द्वारा जाँच कर अधीक्षण अभियंता अंचल, मुंगेर को उपलब्ध कराया गया है। इस संबंध में संबंधित अधीक्षण अभियंता को निदेशित किया गया कि शीघ्र जाँच कर अपने मंतव्य के साथ मुख्यालय को प्रतिवेदन उपलब्ध करायेंगे।

**अनुपालनः— संबंधित अधीक्षण अभियंता/संबधित कार्यपालक अभियंता।**

❖ लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, लखीसराय अंतर्गत एक अद्द तकनीकी बीड क्षेत्रीय मुख्य अभियंता स्तर से लंबित पाया गया। जिसके संबंध में बताया गया कि क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, भागलपुर द्वारा तकनीकी मुल्यांकण की प्रक्रिया पूर्ण कर अपलोड कर दी गयी है। संबंधित क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, भागलपुर को निदेशित किया गया कि तीन दिन में अग्रेतर कार्रवाई कर मुख्यालय को प्रतिवेदन उपलब्ध करायेंगे।

**अनुपालनः— संबधित क्षेत्रीय मुख्य अभियंता।**

**7. <u>ZOD की जाँच स्थितिः-</u>**

❖ लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, अररिया अंतर्गत ऐसी योजना जिनका जाँच ZOD एवं राज्यव्यापी अभियान में नहीं किया गया है। उक्त योजनाओं (सूची संलग्न) की जाँच हेतु क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, पूर्णियाँ एवं अधीक्षण अभियंता, पूर्णियाँ को निदेशित किया गया कि स्वीकृत्यादेश एवं बिजली बिल का मिलान करते हुए अपना अलग—अलग जाँच प्रतिवेदन मुख्यालय को उपलब्ध करायेंगे।

**अनुपालनः— क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, पूर्णियाँ/संबधित अधीक्षण अभियंता।**

❖ कार्यपालक अभियंता, बेगूसराय द्वारा बताया गया कि MVS अतंर्गत 304 वार्ड आते है, जिसकी MIS में मैपिंग नहीं होने के कारण जाँच नहीं जा सकी। इस संबंध में संबंधित कार्यपालक अभियंता को निदेशित किया गया कि शीघ्र जाँच कर प्रतिवेदन मुख्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

**अनुपालनः— संबधित कार्यपालक अभियंता।**

❖ लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, भागलपुर पूर्व में ऐसी योजनाएं (सूची संलग्न) पाई गई जिसकी जाँच एक बार भी नहीं की गई है। संबंधित कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि तिरपैति एवं वीरपुर में जाँच के क्रम में पाया कि यह योजना गंगा में विलीन हो गया है। उक्त जाँच के संबंध में संबंधित अधीक्षण अभियंता को निदेशित किया गया कि इन सभी योजनाओं की जाँच करेंगे। साथ ही संबंधित अधीक्षण अभियंता अपने लॉग इन आईडी

से MIS पर जाँच प्रतिवेदन अपलोड करेंगे एवं एक हार्ड कॉपी विशेष सचिव, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

**अनुपालनः— संबधित अधीक्षण अभियंता।**

- ❖ समीक्षा के क्रम में पाया गया कि लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, बिहारशरीफ ZOD के तहत 13 ऐसी योजना पाई गई जिसकी मैपिंग कर ली गई है किंतु समीक्षा में कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि के वेन प्रखंड के नोहसा पंचायत के वार्ड संख्या—14 में कोई योजना नहीं है। संबंधित क्षेत्रीय मुख्य अभियंता एवं अधीक्षण अभियंता को उक्त योजना का स्वीकृत्यादेश से मिलान करते हुए संयुक्त रूप से जाँच प्रतिवेदन देने हेतु निदेशित किया गया। साथ ही शेष 12 योजनाओं का जाँच प्रतिवेदन भी उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

**अनुपालनः— क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, पटना / संबधित अधीक्षण अभियंता।**

- ❖ समीक्षा के क्रम में पाया गया कि लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, दरभंगा अंतर्गत ZOD के तहत PHED में 20 एवं PRD में 25 योजनाओं की जाँच नहीं की गई है। संबंधित अधीक्षण अभियंता को निदेशित किया गया कि उक्त योजनाओं का स्वीकृत्यादेश से मिलान करते हुए जाँच प्रतिवेदन मुख्यालय को उपलब्ध करायेंगे। निदेशित किया गया कि योजनाओं की जाँच में दोषी पाए गए पदाधिकारीयों के विरूद्ध कार्रवाई करने का प्रस्ताव देंगे।

**अनुपालनः— संबंधित अधीक्षण अभियंता / संबंधित कार्यपालक अभियंता।**

- ❖ समीक्षा के क्रम में पाया गया कि लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, ढांका में ऐसी योजनाएं (सूची संलग्न) जिनका जाँच प्रतिवेदन ZOD एवं राज्य व्यापी अभियान में नहीं किया गया है। संबंधित अधीक्षण अभियंता, मोतिहारी को निदेशित किया गया कि उक्त योजनाओं की क्रियाशीलता स्वीकृत्यादेश एवं विद्युत विपत्रों से मिलान करते हुए जाँच प्रतिवेदन मुख्यालय को उपलब्ध करायेंगे।

**अनुपालनः— संबंधित अधीक्षण अभियंता / संबंधित कार्यपालक अभियंता।**

- ❖ लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, धमदाहा अंतर्गत ZOD के तहत 71 योजनाओं की जाँच नहीं की गई। पृच्छा के क्रम में संबंधित कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि 58 योजनाएं खुशी कंन्सट्रशन से संबंधित है जिसमें काम अधूरा रहने के कारण जाँच नहीं किया जा सका। इस संबंध में संबंधित अधीक्षण अभियंता को निदेश दिया गया कि उक्त योजनाओं में Duplication of Scheme एवं बिना कार्य कराए राशि की निकासी से संबंधित अपना स्पष्ट मंतव्य देते हुए जाँच प्रतिवेदन मुख्यालय को समर्पित करेंगे।

**अनुपालनः— संबंधित अधीक्षण अभियंता / संबंधित कार्यपालक अभियंता।**

- ❖ लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, फारबिसगंज में 14 योजनाओं की जाँच अब तक नहीं की गई है। इस संबंध में संबंधित अधीक्षण अभियंता को निदेश दिया गया कि उक्त योजनाओं की जाँच करते हुए प्रतिवेदन मुख्यालय को समर्पित करेंगे।

**अनुपालनः— संबंधित अधीक्षण अभियंता / संबंधित कार्यपालक अभियंता।**

## 8. CP Gram/E-Compliance:-

- ❖ मुख्यमंत्री सचिवालय के E-Compliance Dashboard पर कतिपय प्रमंडल स्तर से क्रमशः— भागलपुर पूर्व, बिहार शरीफ, छपरा, दरभंगा, गया जी, हाजीपुर, हिलसा, जमुई,

जहानाबाद, कटिहार, मुंगेर, मुजफ्फरपुर, नवादा, पटना पूर्व, पटना पश्चिम, समस्तीपुर, सीतामढ़ी एवं तेघड़ा का लंबित परिवाद की संख्या 10 से ज्यादा है। विभागीय निदेश के आलोक में आवश्यक कार्रवाई कर परिवादी को अनुपालन प्रतिवेदन उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित की जाय एवं उसकी एक प्रति मुख्यालय को तीन दिनों के अंदर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

**अनुपालनः— संबंधित कार्यपालक अभियंता।**

❖ समीक्षा के क्रम में पाया गया कि CP Gram Grievances का अद्यतन प्रतिवेदन कतिपय प्रमंडल स्तर से क्रमशः— बांका, शेखपुरा, मोतिपुर, बाराहाट एवं लखीसराय अंतर्गत 10 दिनों से ज्यादा दिन से लंबित है। इस संबंध में संबंधित कार्यपालक अभियंता को निदेशित किया गया कि तीन दिनों के अंदर निराकरण कर मुख्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

**अनुपालनः— संबंधित कार्यपालक अभियंता।**

बैठक में प्राप्त सभी निदेशों का अनुपालन ससमय करने हेतु सभी उपस्थित क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता एवं कार्यपालक अभियंता को निदेश दिया गया।

अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की कार्यवाही संपन्न की गई।

23.03.26

(संजीव कुमार)
विशेष सचिव

ज्ञापांकः— 141/665-101/24-258 दिनांक— 24/3/26

प्रतिलिपिः— सभी क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण प्रक्षेत्र, बिहार/सभी अधीक्षण अभियंता (यांत्रिक सहित), लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण अंचल/सभी कार्यपालक अभियंता (यांत्रिक सहित), लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, बिहार / सभी सहायक यांत्रिक अभियंता—सह नोडल पदाधिकारी, लोक स्वास्थ्य यांत्रिक अवर प्रमंडल, बिहार, को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(नित्यानन्द प्रसाद)
अभियंता प्रमुख—सह—विशेष सचिव
(मुख्यालय)

ज्ञापांकः— 141/665-101/24-258 दिनांक— 24/3/26

प्रतिलिपिः— अभियंता प्रमुख—सह—विशेष सचिव (मु0/का0प्र0)/अपर सचिव/सभी मुख्य अभियंता (उत्तर बिहार/दक्षिण बिहार/यांत्रिक/अनुश्रवण)/अभियंता प्रमुख—सह—विशेष सचिव(मु0) के प्रावैधिक सचिव/विशेष कार्य पदाधिकारी/सभी संबंधित नोडल पदाधिकारी/बजट पदाधिकारी/आइटी मैनेजर/संबंधित सहायक अभियंता/सभी प्रशाखा पदाधिकारी, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(नित्यानन्द प्रसाद)
अभियंता प्रमुख—सह—विशेष सचिव
(मुख्यालय)

ज्ञापांकः– 141/[illegible]-101/24-258 दिनांक– 24/3/26

प्रतिलिपिः– सचिव के प्रधान आप्त सचिव /विशेष सचिव के वरीय प्रधान आप्त सचिव, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

(नित्यानन्द प्रसाद)
अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव
(मुख्यालय)

ज्ञापांकः– 141/[illegible]-101/24-258 दिनांक– 24/3/26

प्रतिलिपिः– माननीय मंत्री के आप्त सचिव, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

(नित्यानन्द प्रसाद)
अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव
(मुख्यालय)

The inspection has not been done yet. PHED

| Slno | Division | SchemeName | WardID | Block | Panchayat | WardNo |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ARARIA | BALUA WARD NO - 4 (30DAC9F) | 2911 | PALASI | BALUA KALIYAGANJ | 4 |
| 2 | ARARIA | DHANPURA (A) WARD NO - 3 (71EB041) | 2055 | JOKIHAT | PATHARA BARI | 3 |
| 3 | ARARIA | KURSAIL WARD NO - 14 (ACC496B) | 1971 | JOKIHAT | KURSEL | 14 |
| 4 | ARARIA | PATHRABARI (B) WARD NO - 3 (A5C94E4) | 2055 | JOKIHAT | PATHARA BARI | 3 |
| 5 | ARARIA | PATHRABARI WARD NO - 1 (BC1322E) | 2053 | JOKIHAT | PATHARA BARI | 1 |
| 6 | ARARIA | PATHRABARI WARD NO - 2 (4BDF0B1) | 2054 | JOKIHAT | PATHARA BARI | 2 |
| 7 | ARARIA | RANI ISTAMBAR WARD NO - 4 (DF6BBAF) | 2056 | JOKIHAT | PATHARA BARI | 4 |
| 8 | AURANGABAD | KHAIRA MIRJA WARD NO - 13B (8DCA230) | 4003 | AURANGA BAD | KHAIRA MIRJA | 13 |
| 9 | AURANGABAD | PIRWAN WARD - 2B (78FBFF5) | 6405 | MADANP UR | PIRWAN | 2 |
| 10 | AURANGABAD | PIRWAN WARD - 4B (5A0115E) | 6407 | MADANP UR | PIRWAN | 4 |
| 11 | AURANGABAD | SONARI WARD NO-1 (C314221) | 6404 | MADANP UR | PIRWAN | 1 |
| 12 | AURANGABAD | BANUA KHAIRA WARD - 3 (22E0187) | 164807 | DEO | BANUYA KHAIRA | 3 |
| 13 | AURANGABAD | BHABANIPUR WARD - 4 (689750F) | 4887 | DEO | BHAWANI PUR | 4 |
| 14 | AURANGABAD | BHALURI WARD NO - 6(D) (553D1D5) | 6903 | NABINAG AR | TANDWA | 6 |
| 15 | AURANGABAD | CHANDARGARH WARD - 1B (830ABEB) | 6575 | NABINAG AR | CHANDRA GARDH | 1 |
| 16 | AURANGABAD | CHANDARGARH WARD - 5B (64DBF81) | 6579 | NABINAG AR | CHANDRA GARDH | 5 |
| 17 | AURANGABAD | CHEIN NAWADA ward no - 13 (B333EFF) | 6169 | MADANP UR | CHEIN NAWADA | 13 |
| 18 | AURANGABAD | DADHAPI WARD - 2B (727BFB5) | 6177 | MADANP UR | DADHPI | 2 |
| 19 | AURANGABAD | DULARE WARD NO - 1P1A (35FE7AF) | 4922 | DEO | DULARE | 1 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 349 | BEGUSARAI | Matihani(mvs) (B91C406) | 167688 | MATIHAN I | MATHANI II | 1 |
| 350 | BEGUSARAI | Matihani(mvs) (B91C406) | 167689 | MATIHAN I | MATHANI II | 2 |
| 351 | BEGUSARAI | Matihani(mvs) (B91C406) | 167690 | MATIHAN I | MATHANI II | 3 |
| 352 | BEGUSARAI | Matihani(mvs) (B91C406) | 167691 | MATIHAN I | MATHANI II | 4 |
| 353 | BEGUSARAI | Matihani(mvs) (B91C406) | 167692 | MATIHAN I | MATHANI II | 5 |
| 354 | BEGUSARAI | Matihani(mvs) (B91C406) | 167693 | MATIHAN I | MATHANI II | 6 |
| 355 | BEGUSARAI | Matihani(mvs) (B91C406) | 167694 | MATIHAN I | MATHANI II | 7 |
| 356 | BEGUSARAI | Matihani(mvs) (B91C406) | 167695 | MATIHAN I | MATHANI II | 8 |
| 357 | BEGUSARAI | Matihani(mvs) (B91C406) | 167696 | MATIHAN I | MATHANI II | 9 |
| 358 | BEGUSARAI | Matihani(mvs) (B91C406) | 167697 | MATIHAN I | MATHANI II | 10 |
| 359 | BEGUSARAI | Matihani(mvs) (B91C406) | 167702 | MATIHAN I | MATHANI II | 15 |
| 360 | BEGUSARAI | Matihani(mvs) (B91C406) | 167703 | MATIHAN I | MATHANI II | 16 |
| 361 | BHAGALPUR(EAST) | AHUTI BARI KHAL KHARPUR WARD NO - 4 (8686098) | 15356 | BIHPUR | HARIO | 4 |
| 362 | BHAGALPUR(EAST) | BAIKATPUR-WARD NO-3 (248AE96) | 16913 | NARAYANPUR | BAIKATPUR DUDHAILA | 3 |
| 363 | BHAGALPUR(EAST) | BAIKATPUR-WARD NO-5 (2E35A89) | 16915 | NARAYANPUR | BAIKATPUR DUDHAILA | 5 |
| 364 | BHAGALPUR(EAST) | BIND TOLI-WARD NO-7 (3AE1676) | 160511 | GOPALPUR | BABU TOLA KAMLAKUND | 7 |
| 365 | BHAGALPUR(EAST) | BIND TOLI-WARD NO-8 (384BC6F) | 160512 | GOPALPUR | BABU TOLA KAMLAKUND | 8 |
| 366 | BHAGALPUR(EAST) | CHOUHADDI-WARD NO-6 (9CE3A01) | 16916 | NARAYANPUR | BAIKATPUR DUDHAILA | 6 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 367 | BHAGALPUR(EAST) | DUDHAILA-WARD NO-2 (6C7838B) | 16912 | NARAYANPUR | BAIKATPUR DUDHAILA | 2 |
| 368 | BHAGALPUR(EAST) | GANGAPUR-WARD NO-8 (0D38142) | 16918 | NARAYANPUR | BAIKATPUR DUDHAILA | 8 |
| 369 | BHAGALPUR(EAST) | GYANIDAS TOLA WARD NO-10 (028D15E) | 160578 | RANGRA CHOWK | TINTANGA DIARA SOUTH | 10 |
| 370 | BHAGALPUR(EAST) | KASMABAD NORTH(A)-WARD NO-9 (8C9332F) | 16919 | NARAYANPUR | BAIKATPUR DUDHAILA | 9 |
| 371 | BHAGALPUR(EAST) | KASMABAD SOUTH (B) WARD NO-9 (D60E8FD) | 16919 | NARAYANPUR | BAIKATPUR DUDHAILA | 9 |
| 372 | BHAGALPUR(EAST) | KIRTANIA WARD NO - 1,2,3,4,7,10 (4DD3B45) | 17425 | PIRPAINTI | KIRTANIA | 2 |
| 373 | BHAGALPUR(EAST) | KIRTANIA WARD NO - 1,2,3,4,7,10 (4DD3B45) | 17427 | PIRPAINTI | KIRTANIA | 4 |
| 374 | BIHAR SHARIF | Amiya Bigha Ward No-1 (DA39455) | 77800 | BEN | NOHSA | 14 |
| 375 | BIHAR SHARIF | Beldariya Ward 13 (C52E5AD) | 77324 | ASTHAWAN | ASTHAWAN | 13 |
| 376 | BIHAR SHARIF | BENAR WARD NO - 8 (3745968) | 77547 | ASTHAWAN | NOANWAN | 8 |
| 377 | BIHAR SHARIF | CHAINPURA PART - 2 WARD NO - 2 (B841D47) | 77959 | BIHAR | MURAURA | 2 |
| 378 | BIHAR SHARIF | KONAND WARD-15 (E6F378C) | 77459 | ASTHAWAN | KONAND | 15 |
| 379 | BIHAR SHARIF | MOHAMMADPUR NAKATPURA (5976293) | 77945 | BIHAR | MHAMMADPUR | 7 |
| 380 | BIHAR SHARIF | PAKADHISARAI-WARD NO-2 (7534175) | 81778 | SILAO | NIRPUR | 2 |
| 381 | BIHAR SHARIF | PURAINI Ward no-13 (57937FD) | 79091 | GIRIAK | PURAINI | 13 |
| 382 | BIHAR SHARIF | Rahmanpur Ward 13 (15B5AA0) | 77324 | ASTHAWAN | ASTHAWAN | 13 |
| 383 | DARBHANGA | GACHHI TOLA, WARD NO-9 (F7A79FE) | 27540 | BIRAUL | PARRI | 9 |
| 384 | DARBHANGA | KABIRCHAK Ward no - 10 (B710491) | 27921 | DARBHANGA | KABIRCHAK | 10 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 385 | DARBHANGA | KABIRCHAK-3 (A5A7813) | 27914 | DARBHAN GA | KABIRCHA K | 3 |
| 386 | DARBHANGA | KAMARKALLA WARD NO - 1 (0CB4C32) | 27456 | BIRAUL | KAMARKA LA | 1 |
| 387 | DARBHANGA | Kansi ward no - 3,4,6,8,9 (B9387AD) | 27936 | DARBHAN GA | KANSI | 6 |
| 388 | DARBHANGA | Kansi ward no - 3,4,6,8,9 (B9387AD) | 27938 | DARBHAN GA | KANSI | 8 |
| 389 | DARBHANGA | Kansi ward no - 3,4,6,8,9 (B9387AD) | 27939 | DARBHAN GA | KANSI | 9 |
| 390 | DARBHANGA | Loam ward no - 9,10,12,13 (7338A9B) | 27996 | DARBHAN GA | LOAM | 9 |
| 391 | DARBHANGA | Loam ward no - 9,10,12,13 (7338A9B) | 27997 | DARBHAN GA | LOAM | 10 |
| 392 | DARBHANGA | Loam ward no - 9,10,12,13 (7338A9B) | 27999 | DARBHAN GA | LOAM | 12 |
| 393 | DARBHANGA | Loam ward no - 9,10,12,13 (7338A9B) | 28000 | DARBHAN GA | LOAM | 13 |
| 394 | DARBHANGA | Madhopur ward no - 8 (658E0DC) | 165173 | BENIPUR | MADHOP UR | 8 |
| 395 | DARBHANGA | Manigachi (Nehra) ward no - 1,2,5,6 (4F17F25) | 161218 | MANIGAC HHI | NEHARA EAST | 1 |
| 396 | DARBHANGA | Manigachi (Nehra) ward no - 1,2,5,6 (4F17F25) | 161219 | MANIGAC HHI | NEHARA EAST | 2 |
| 397 | DARBHANGA | Manigachi (Nehra) ward no - 1,2,5,6 (4F17F25) | 161222 | MANIGAC HHI | NEHARA EAST | 5 |
| 398 | DARBHANGA | Manigachi (Nehra) ward no - 1,2,5,6 (4F17F25) | 161223 | MANIGAC HHI | NEHARA EAST | 6 |
| 399 | DARBHANGA | PARRI,WARD NO-6 (1025E9E) | 27537 | BIRAUL | PARRI | 6 |
| 400 | DARBHANGA | Pochaddi ward no - 14 (ECD70F7) | 163220 | BENIPUR | POCHADD I | 14 |
| 401 | DARBHANGA | POHADI BELA RWSS (4EBB029) | 28315 | GHANSHY AMPUR | POHADI BELA | 5 |
| 402 | DARBHANGA | sajhaur ward no - 11 (40BCC07) | 27200 | BENIPUR | SAJHUAR | 11 |
| 403 | DHAKA | BANAKATABA WARD NO - 1,2,4,5,7 (9C6FFC9) | 98459 | DHAKA | FULWARI YA | 1 |
| 404 | DHAKA | BANAKATABA WARD NO - 1,2,4,5,7 (9C6FFC9) | 98460 | DHAKA | FULWARI YA | 2 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 405 | DHAKA | BANAKATABA WARD NO - 1,2,4,5,7 (9C6FFC9) | 98461 | DHAKA | FULWARIYA | 3 |
| 406 | DHAKA | BANAKATABA WARD NO - 1,2,4,5,7 (9C6FFC9) | 98465 | DHAKA | FULWARIYA | 7 |
| 407 | DHAKA | PHULARIYA WARD NO - 4,5 (8CF7F9E) | 98462 | DHAKA | FULWARIYA | 4 |
| 408 | DHAMDAHA | Bairia ward 8 (33854DE) | 106541 | RUPAULI | GORIARPATTI SRIMATTA | 8 |
| 409 | DHAMDAHA | Bairia Ward no 14 (B119766) | 106547 | RUPAULI | GORIARPATTI SRIMATTA | 14 |
| 410 | DHAMDAHA | Bairia Ward no 15 (9D7D6CC) | 106548 | RUPAULI | GORIARPATTI SRIMATTA | 15 |
| 411 | DHAMDAHA | Bairia Ward no 16 (AA27B69) | 106549 | RUPAULI | GORIARPATTI SRIMATTA | 16 |
| 412 | DHAMDAHA | Bairia Ward no 17 (051EF31) | 106550 | RUPAULI | GORIARPATTI SRIMATTA | 17 |
| 413 | DHAMDAHA | Bairia Ward no 18 (068BB01) | 106551 | RUPAULI | GORIARPATTI SRIMATTA | 18 |
| 414 | DHAMDAHA | Baliya Ward no 10 (2FE0714) | 106562 | RUPAULI | KANP | 10 |
| 415 | DHAMDAHA | Baliya Ward no 11 (D5F4468) | 106563 | RUPAULI | KANP | 11 |
| 416 | DHAMDAHA | Baliya Ward no 6 (78A33D1) | 106558 | RUPAULI | KANP | 6 |
| 417 | DHAMDAHA | Baliya Ward no 7 (A3EDD45) | 106559 | RUPAULI | KANP | 7 |
| 418 | DHAMDAHA | Baliya Ward no 8 (156F657) | 106560 | RUPAULI | KANP | 8 |
| 419 | DHAMDAHA | Baliya Ward no 9 (E8A8D3B) | 106561 | RUPAULI | KANP | 9 |
| 420 | DHAMDAHA | Bhagwa Tola SVS (6AE8BD3) | 106572 | RUPAULI | KOYLI SIMRA WEST | 1 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 476 | DHAMDAHA | Shrimtta ward 5 (890A551) | 106538 | RUPAULI | GORIARPATTI SRIMATTA | 5 |
| 477 | DHAMDAHA | Shrmatta ward 1 (B90E7D1) | 106534 | RUPAULI | GORIARPATTI SRIMATTA | 1 |
| 478 | DHAMDAHA | Tintenga Ward no 13 (873DA72) | 106565 | RUPAULI | KANP | 13 |
| 479 | DHAMDAHA | Tintenga Ward no 14 (4050722) | 106566 | RUPAULI | KANP | 14 |
| 480 | FORBESGANJ | ACHARA (A) WARD NO - 7 (1611FFA) | 2382 | NARPATGANJ | ACHARA | 7 |
| 481 | FORBESGANJ | ACHARA (B) WARD NO - 7 (4DFD497) | 2382 | NARPATGANJ | ACHARA | 7 |
| 482 | FORBESGANJ | ACHARA (B) WARD NO - 9 (A47AA2B) | 2384 | NARPATGANJ | ACHARA | 9 |
| 483 | FORBESGANJ | ACHARA WARD NO - 8 (6FE7D20) | 2383 | NARPATGANJ | ACHARA | 8 |
| 484 | FORBESGANJ | ARRAHA (A) WARD NO - 1 (EB64347) | 1084 | FORBESGANJ | ARRAHA | 1 |
| 485 | FORBESGANJ | ARRAHA (A) WARD NO - 2 (D64555C) | 1085 | FORBESGANJ | ARRAHA | 2 |
| 486 | FORBESGANJ | ARRAHA (B) WARD NO - 1 (DA1F33E) | 1084 | FORBESGANJ | ARRAHA | 1 |
| 487 | FORBESGANJ | ARRAHA (B) WARD NO - 2 (793B785) | 1085 | FORBESGANJ | ARRAHA | 2 |
| 488 | FORBESGANJ | ARRAHA (B) WARD NO - 4 (D0A7271) | 1087 | FORBESGANJ | ARRAHA | 4 |
| 489 | FORBESGANJ | ARRAHA WARD NO - 3 (2FDCADB) | 1086 | FORBESGANJ | ARRAHA | 3 |
| 490 | FORBESGANJ | ARRAHA WARD NO - 5 (C20598C) | 1088 | FORBESGANJ | ARRAHA | 5 |
| 491 | FORBESGANJ | ASRAHA (A) WARD NO - 1 (F276E5D) | 2205 | KURSAKATTA | KUARI | 1 |
| 492 | FORBESGANJ | BARHMAN TOLA(B)-WARD NO.3 (D330553) | 1409 | FORBESGANJ | MATIARI | 3 |
| 493 | FORBESGANJ | BHANGAHI WARD NO - 7 (FD4D09D) | 2496 | NARPATGANJ | BHANGAHI | 7 |
| 494 | FORBESGANJ | DARGAHIGANJ TOLA(B)-WARD NO.8 (6A0BFBE) | 2516 | NARPATGANJ | DARGAHIGANJ | 8 |
| 495 | FORBESGANJ | DAS TOLA-WARD NO.4 (D9766D5) | 1410 | FORBESGANJ | MATIARI | 4 |
| 496 | FORBESGANJ | JAGIRPARASAI WARD NO-04B (4C5BE49) | 2170 | KURSAKATTA | JAGIR PARASI | 4 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 497 | FORBESGANJ | JAMA MASJID TOLA WARD NO-05 (3B667C0) | 2190 | KURSAKA TTA | KAMALDA HA | 5 |
| 498 | FORBESGANJ | JHAIRWA PACHYARI TOLA-WARD NO.15 (C6673B8) | 1288 | FORBESG ANJ | JHIRUA PACHHIA RI | 15 |
| 499 | FORBESGANJ | JHAIRWA PACHYARI TOLA-WARD NO.2 (65EE389) | 1275 | FORBESG ANJ | JHIRUA PACHHIA RI | 2 |
| 500 | FORBESGANJ | JHIRWA PURWARI WARD NO - 1 (CEA1EA3) | 1293 | FORBESG ANJ | JHIRUWA PURWARI | 1 |
| 501 | FORBESGANJ | JHIRWA PURWARI WARD NO - 2 (3FA4F4B) | 1294 | FORBESG ANJ | JHIRUWA PURWARI | 2 |
| 502 | FORBESGANJ | kewat tola ward no-07 (BC894EC) | 2192 | KURSAKA TTA | KAMALDA HA | 7 |
| 503 | FORBESGANJ | KURWA WARD NO-14 (F58C7D1) | 1458 | FORBESG ANJ | MUSAHA RI | 14 |
| 504 | FORBESGANJ | Madarsa Tola-Ward No-09 (8FC74E0) | 2194 | KURSAKA TTA | KAMALDA HA | 9 |
| 505 | FORBESGANJ | Mahadalit Tola-Ward No -06 (321C9D8) | 842 | BHARGA MA | KUSMAUL | 6 |
| 506 | FORBESGANJ | MAJHWA WARD NO - 11 (97C0436) | 1398 | FORBESG ANJ | MAJHUA | 11 |
| 507 | FORBESGANJ | MAJHWA WARD NO - 12 (8E21AAC) | 1399 | FORBESG ANJ | MAJHUA | 12 |
| 508 | FORBESGANJ | MAJHWA WARD NO - 4 (1034BE5) | 1391 | FORBESG ANJ | MAJHUA | 4 |
| 509 | FORBESGANJ | MAJHWA WARD NO - 6 (66A7C09) | 1393 | FORBESG ANJ | MAJHUA | 6 |
| 510 | FORBESGANJ | Musalman Tola (B)-Ward No-8 (AB4D5CD) | 1110 | FORBESG ANJ | AURAHI EAST | 8 |
| 511 | FORBESGANJ | POSDAHA (A) WARD NO - 10 (7133003) | 2822 | NARPATG ANJ | POSDAHA | 10 |
| 512 | FORBESGANJ | POSDAHA (A) WARD NO - 3 (97F24A2) | 2815 | NARPATG ANJ | POSDAHA | 3 |
| 513 | FORBESGANJ | POSDAHA (B) WARD NO - 3 (6526F11) | 2815 | NARPATG ANJ | POSDAHA | 3 |
| 514 | FORBESGANJ | RAMPUR AADI WARD-4 (973DA38) | 935 | BHARGA MA | RAMPUR AADI | 4 |
| 515 | FORBESGANJ | RAMPUR AADI WARD-5 (BE7D079) | 936 | BHARGA MA | RAMPUR AADI | 5 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 516 | FORBESGANJ | RAMPUR NORTH (B) WARD NO - 13 (48B1B6A) | 1552 | FORBESG ANJ | RAMPUR NORTH | 13 |
| 517 | FORBESGANJ | RAMPUR SOUTH (B) WARD NO - 2 (ADCD0EC) | 165485 | FORBESG ANJ | RAMPUR SOUTH | 2 |
| 518 | FORBESGANJ | REWAHI WARD NO - 7 (26A90FE) | 2857 | NARPATG ANJ | REWAHI | 7 |
| 519 | FORBESGANJ | Rishidev Musalman Tola-Ward No-3 (24889AC) | 1105 | FORBESG ANJ | AURAHI EAST | 3 |
| 520 | FORBESGANJ | SARPAT TOLA-WARD-12 (E7A5BF0) | 2539 | NARPATG ANJ | FATTEHP UR | 12 |
| 521 | FORBESGANJ | SIMARBANNI TOLA (A) WARD NO - 7 (99D7396) | 976 | BHARGA MA | SIMARBA NI | 7 |
| 522 | FORBESGANJ | SIMARBANNI TOLA WARD NO - 6 (A184D39) | 975 | BHARGA MA | SIMARBA NI | 6 |
| 523 | FORBESGANJ | SUKKHI WARD NO-09 (5F22479) | 1453 | FORBESG ANJ | MUSAHA RI | 9 |
| 524 | FORBESGANJ | YADAV TOLA(B) WARD-8 (ADFB4D3) | 1243 | FORBESG ANJ | HALHALIA | 8 |
| 525 | GAYA | KULTUPUR WARD NO - 3 (2A491BE) | 34792 | KHIZIRSA RAI | KUTLUPU R | 3 |
| 526 | GAYA | KULTUPUR WARD NO -4 (8E4AABA) | 34793 | KHIZIRSA RAI | KUTLUPU R | 4 |
| 527 | GAYA | BHUI BIGHA-13 (04FC22B) | 34897 | KHIZIRSA RAI | SISWAR | 13 |
| 528 | GAYA | KULTUPUR WARD NO - 11 (44F1A40) | 34800 | KHIZIRSA RAI | KUTLUPU R | 11 |
| 529 | JAMUI | AMARI WARD NO-11 (D4C602D) | 43483 | KHAIRA | AMARI | 11 |
| 530 | JAMUI | BAGHA KHAD-WARD NO-8 (659BA15) | 43841 | KHAIRA | MANGOB ANDAR | 8 |
| 531 | JAMUI | BELA,WARD NO-10 (4BC8818) | 159519 | ISLAMNA GAR ALIGANJ | Adha | 10 |
| 532 | JAMUI | Chanorapura-Ward-5 (18BBF7D) | 43667 | KHAIRA | GOPALPU R | 5 |
| 533 | JAMUI | CHUAN WARD 5 (789A554) | 43591 | KHAIRA | CHUAN | 5 |
| 534 | JAMUI | CHUAN-4 (95228FD) | 43590 | KHAIRA | CHUAN | 4 |
| 535 | JAMUI | DADHWA WARD NO -13 (5BDEB1D) | 42174 | CHAKAI | DADHWA | 13 |
| 536 | JAMUI | DADHWA WARD NO -5 (81B03D4) | 42166 | CHAKAI | DADHWA | 5 |